आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.09.2025 समय : 02.10pm

**जीएसटी सुधार**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार-स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**मुख्यमंत्री - जीएसटी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज चौक बाजार में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी प्रचार अभियान में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम भवानी मंदिर, सोमवारा चौक से शुरू होगा। मुख्यमंत्री यहां कर्फ़्यू वाली माता मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और इसके बाद पैदल भ्रमण करते हुए व्यापारियों और ग्राहकों से जीएसटी दरों में कटौती पर चर्चा करेंगे। इस दौरान वे व्यापारियों को जीएसटी रेज़ोल्यूशन की प्रतियां वितरित करेंगे और उनकी शंकाओं का समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री स्वदेशी हैंडलूम और खादी परिधानों की खरीददारी करेंगे और आमजन को डिजिटल पेमेंट प्रणाली अपनाने का संदेश देंगे।

**नो कार डे**

इंदौर में आज 'नो कार डे' का आयोजन किया गया है। नगर निगम और यातायात पुलिस के सहयोग से आयोजित इस दिवस का उद्देश्य नागरिकों को वाहनों की भीड़, वायु प्रदूषण और मानसिक तनाव से राहत दिलाना है।महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि यह पहल शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद करेगी और इंदौर को पर्यावरण सुधार व ट्रैफिक मैनेजमेंट का सफल मॉडल बनाएगी।

**सेवा पर्व- सुलभ आवास**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला **सेवा पर्व** में आज हम चर्चा करेंगे कि सरकार ने किस तरह लाखों लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए किफायती आवास और आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया है।

**<u>नवरात्रि</u>**

**नौ दिनों तक चलने वाला शारदीय नवरात्रि का त्यौहार आज से शुरू हो रहा है। यह पर्व माँ दुर्गा और उनके नौ अवतारों की पूजा अर्चना को समर्पित है। आज पहले दिन प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना होगी। प्रदेश के मंदिरों में आज सुबह से विशेष पूजा अर्चना का दौर जारी है। कई जगहों पर अखंड ज्योति जलाई गई है। भोपाल में 2500 स्थानों पर मां का दरबार सजेगा।**

**समाचार संक्षेप :-**

- नीमच जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल की दवाई खिलवाकर कृमिनाशन करने के निर्देश जारी किये है।

- मंडला के नारायणगंज में आज स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान के साथ रक्तदान शिविर आयोजन किया गया है।

- महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत निवाड़ी परियोजना में 5 आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं 33 सहायिकाओ की नियुक्ति की अंतिम सूची चयन पोर्टल पर जारी की गई है

................................